तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी में मनाया...



10 लंबित आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ...



## खबर संक्षेप

### महापौर ने वार्डवासियों को बांटी मच्छरदानी



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भगत सिंह वार्ड में मंगलवार सुबह मच्छरदानी वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर संजय पाण्डे ने किया। कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, राणा घोस, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सी मैत्री, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तैया, प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ अन्वेषणा प्रसाद, मितानिन पद्मिनी यादव, नगर निगम के ईई गोपाल भारद्वाज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ब्रेवरेज कारपोरेशन अध्यक्ष से मिले यादव समाज के पदाधिकारी



**जगदलपुर।** बस्तर जिला यादव समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ब्रेवरेज कारपोरेशन अध्यक्ष निवास राव मद्दी से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुकमन यादव, उपाध्यक्ष रघुवंश यादव, सचिव लक्की यादव, जिला महिला उपाध्यक्ष अनिता यादव, सचिव शीतल यादव, संभागीय संगठन सचिव उमेश यादव, संरक्षक विक्रम सिंह यादव, लछिन यादव, प्रेम यादव एवं तोकापाल ब्लाक अध्यक्ष संतोष यादव शामिल रहे।

### रिक्त पदों की पूर्ति के लिए जानकारी देने की मांग

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों के लिए प्लेसमेंट केम्प का आयोजन जुलाई माह में किया जाना प्रस्तावित है। उप संचालक रोजगार से मिली जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से रिक्त पदों की पूर्ति करने के इच्छुक नियोजक अपने संस्था, कार्यालय और दुकान की रिक्तियों की जानकारी कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर को पत्र के माध्यम से अथवा कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्रदाय कर सकते हैं।

### गुरू पूर्णिमा पर पालकी यात्रा निकलेगी आज

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा मार्ग स्थित शिरडी सांई मंदिर में 9 से 11 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा की जाएगी। इस अवसर पर 9 जुलाई की सुबह 5.15 बजे काकड़ आरती, 7 बजे महाअभिषेक, 9 बजे श्री साई यज्ञ प्रारंभ, 10 बजे फूलों से अर्चना, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती पश्चात प्रसाद वितरण, शाम 4 बजे पालकी यात्रा जो साई मंदिर से अग्रसेन चौक, दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक, अग्रसेन चौक होते हुए मंदिर में समापन होगी। संध्या 6.30 बजे संध्या आरती, रात्रि 10.30 बजे शेजारती, 10 जुलाई की सुबह रोज की तरह काकड़ आरती, अभिषेक 10.30 बजे विभूति अर्चना, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती पश्चात लागू वाटिका में महाभंडारा, 5.30 बजे फलों से अर्चना किया जाएगा। साथ ही 11 जुलाई को साई बाबा पुष्प अर्चना, तुलसी पूजन, सत्यनारायण पूजा किया जाएगा। प्राकृतिक प्रसाद के रूप में एक पौधा प्रकृति के नात लगाएं पौधा मंदिर परिसर से दिया जाएगा।

# सर्पदशं से गंभीर बच्चे की मेकाज के डाक्टरों ने बचाई जान, रहा वेंटिलेटर में

## मारडूम थाना क्षेत्र के 12 साल के बच्चे को सोने के दौरान सर्प ने हाथ में मारा था दंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के मारडूम थाना क्षेत्र के 12 वर्षीय बच्चे को सर्पदंश के बाद गंभीर स्थिति में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। पांच दिन तक बच्चे को डाक्टरों की निगरानी में वेंटीलेटर में रखा गया था। इस दौरान उसका उपचार जारी रखा गया था। सातवें दिन उसे पूरी तरह स्वस्थ घोषित कर डिस्चार्ज कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक मारडूम थाना क्षेत्र निवासी डोरका मंडावी के 12 वर्षीय बेटे घस्सू मंडावी को सोने के दौरान जहरीले सर्प ने हाथ में दंश मार दिया था। सर्पदशं से गंभीर बच्चे को तत्काल उपचार के लिए परिजनों ने डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डाक्टरों ने बिना देरी किए उसका उपचार शुरू कर दिया। इस दौरान 5 दिन की कड़ी मेहनत के बाद डॉक्टरों के साथ ही स्टाफ नर्स की टीम ने बच्चे की जान बचाने में कामयाब रही।

जानकारी के मुताबिक घस्सू मंडावी 1 जुलाई की रात को खाना खाकर परिजनों के साथ सो रहा था इसी दौरान 2 जुलाई की सुबह एक जहरीले सांप ने घस्सू के डस लिया। जिस पर बच्चे ने आवाज लगाकर इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने देखा तो जहरीले सांप ने घस्सू के हाथ में दंश



मारने के बाद घर से निकल गया था। परिजनों ने बिना देर किए बच्चे को 2 जुलाई की सुबह 7 से 8 बजे के बीच मेकाज में भती कराया। इस बीच बच्चे के शरीर मे जहर पूरी तरह से फैल रहा था।वह अस्पताल आने से पहले बिहोश हो गया था। जहर शरीर मे फैलने के कारण बच्चें को सांस लेने में काफी तकलीफ हो रही थी। इस दौरान 2 जुलाई से लेकर 6 जुलाई तक बच्चे को वेंटिलेटर में रखकर उसका इलाज किया गया। बच्चे की जान बचाते हुए मंगलवार को पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद बच्चे को वेंटिलेटर से बाहर निकाला गया। बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ देखकर परिजनों ने डाक्टरों व पूरे स्टॉफ को धन्यवाद ज्ञापित किया और अपने गांव वापस लौट गए।

## गड़बड़झाला : उद्यान विभाग से किए गए भुगतान संदेह के घेरे में


# नलकूप खनन को लेकर 2 फर्म का दावा, एक को हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- अधिकारी कह रहे करेंगे जांच , कलेक्टर और थाने तक पहुंची शिकायत

उद्यान विभाग के सहायक संचालक द्वारा नल कूप खनन का भुगतान करना विवादों के घेरे में आ गया है, विभाग के पास बोर करने से संबंधित देयक दो ठेकेदारों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। दोनों ठेकेदारों के देयकों में कृषक सत्यापन, भौतिक सत्यापन तथा स्टाफ पंजी के नंबर ग्राम उद्यान विस्तार अधिकारी तथा उद्यान अधीक्षक के हस्ताक्षर शामिल है। मजे की बात यह की दोनों फर्मो एजे वेंचर तथा सत्य साईं मोटर्स सेल्स एंड सर्विस सेंटर के ठेकेदार के द्वारा प्रस्तुत देयक में हितग्राहियो के नाम वही है। लेकिन विभाग ने एजे वेंचर ठेकेदार को भुगतान किया इसके बाद मामला तुल पकड़ने लगा। इसकी शिकायत कलेक्टर और थाने तक पहुंची। तब विभाग के अधिकारी हरकत में आए और नोटिस देने का क्रम शुरू हुआ, इसके बाद विभागीय शैली संदेह के घेरे में है।

मिली जानकारी के मुताबिक बस्तर विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत वर्ष 2021-22 में 40 नल कूप खनन का कार्य निविदा के आधार पर किया गया। जिसमें तत्कालीन सहायक संचालक द्वारा 3 बोर खनन का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया एवं 24 नलकूप खनन कार्य का भुगतान एजे वेंचर को किया गया। शेष 13 नलकूप में से 10 मरम्मत तथा सफल नलकूपों का भुगतान 25 जून को किया गया। जिसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित हुई। सत्य साईं ठेकेदार ने उसके साथ की गई धोखाधड़ी की शिकायत कलेक्टर तथा थाने में लिखित आवेदन कर किया।



### नलकूप खनन का भुगतान मिला

कायदिश होने के बाद उद्यान विभाग में नलकूप खनन का कार्य किया । कार्य पूर्ण होने के बाद मेरे द्वारा देयक प्रस्तुत किये गये, जिसका भुगतान विभाग ने किया है।

**प्रोपराइटर**
एजे वेंचर

### जांच की जाएगी

ट्यूबेल खनन का टेंडर ए जे वेंचर फर्म को हुआ था। भौतिक सत्यापन और एमबी के आधार पर भुगतान किया गया। पेटी कान्ट्रेक्टर के रूप में सत्य साईं मोटर ने काम किया होगा। यहां कोई दस्तावेज इसका नहीं आया। यदि दावा कर रहे हैं तो जांच करूँगी।

**मीना मंडावी,** सहायक संचालक
उद्यान विभाग, दंतेवाड़ा

### *विभाग ने माना सत्य साई ने किया काम*

*विभाग द्वारा सत्य साईं मोटर दंतेवाड़ा को दिए गए नोटिस में यह उल्लेख किया गया है कि एजे वेंचर द्वारा पेटी कॉन्टैक्ट व आपसी समझौता के अनुसार जितना सफल नलकूप खनन आपके द्वारा किया गया है, उसे तत्काल भुगतान सत्य साईं को कर इस कार्यालय को सूचित करें। विभागीय सूत्रों की माने तो फील्ड स्टाफ के समक्ष सत्य साई ने बोर खनन का कार्य किया। इसके साक्षी दो माली रहे । विडम्बना है कि दोनों का निधन हो गया है।*

# बेटा की गवाही से पिता के हत्यारे को मिली आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- जमीन मामले पर धमकाते हुए लड़ाई झगड़ा करता था
- कोर्ट ने अर्थदंड भी लगाया

जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपी दशरू मुचाकी उर्फ बली को आजीवन कारावास व 100 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी कर रहे लो क अभियोजक ने बताया कि दो वर्ष पूर्व कोड़ेनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुमार साडरा में जमीन विवाद को लेकर दशरू मुचाकी, सोमडू मुचाकी से यह कहता था कि ग्राम कुमार साडरा के शामिल खाता की जमीन को कमाऊंगा। यदि तुम मुझे यह जमीन नहीं दोगे तो एक न एक दिन में तुम्हारी हत्या करूंगा। मौका पाकर दशरू ने सोमडू मुचाकी के घर जाकर जमीन को मैं कमाऊंगा कहकर लड़ाई झगड़ा करने लगा। सोमडू मुचाकी के विरोध करने पर उसे गाली गलौज करते हुए उसे थप्पड़ व लात घूसे से छाती पर मारपीट करने लगा । जिससे सोमडू जमीन पर गिर गया। इसके बाद छाती में जोर जोर से लात से मारपीट कर उसकी हत्या कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाना कोड़ेनार में दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी दसरू मुचाकी के खिलाफ धारा 302, 294, 506 बी भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में दाखिल किया। मूल साक्षी मृतक का बेटा घटना का प्रत्यक्षदर्शी था। उसने बताया कि आरोपी मेरे पिता के शरीर के ऊपर चढ़कर हाथ मुक्का एवं लात से बारंबार प्रहार किया था जिससे मेरे पिता की मृत्यु हुई थी। इस बात की पुष्टि डॉक्टर द्वारा शव परीक्षण रिपोर्ट के माध्यम से भी हुई। मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुये दशरू मुचाकी को आजीवन कारावास व 100 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई एवं अर्थ दंड की राशि नहीं पटाने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

# नगरनार और जंगबाज फुटबाल क्लब की टीम 2-2 गोल कर बराबरी पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिद्वार्थ मिश्रा स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मैच खेले गए गए । पहले मैच में नगरनार और जंगबाज फुटबाल क्लब की टीम 2-2 गोल कर बराबरी पर रही । वहीं दूसरे मैच में मैत्री संघ ने भेजापदर को 1-0 से हराया।

पहले मैच में नगरनार टीम के आदित्य बघेल और संतोष ने एक एक गोल किए। वहीं जंगबाज की और से मोंटु सेवक ने 2 गोल दागे इस तरह यह मैच ड्रा रहा । इस मैच के निर्णायक विश्वजित भटटाचार्य,सुमित नाग , सुरज खरे और राहुल लाल थे। दूसरे मैच में मैत्री संघ के शुभम शर्मा ने 1 गोल कर टीम को जिताया। पूरे मैच के



दौरान एकमात्र गोल 46 वें मिनट में हुआ। भेजापदर की टीम ने कोई गोल नहीं किया। इस तरह यह मैच मैत्री संघ ने 1-0 से जीता। इस मैच के निर्णायक दीपक डहरिया, विक्की पोडाल, सोहन बेसरा और अगेंद्र नाग रहे।

### *आज होंगे दो मैच*

*बुधवार को पहला मैच यंग स्टार और लोहंडीगुड़ा फुटबाल क्लब के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच आड़ावाल और न्यू स्टार बस्तर फुटबाल क्लब के बीच होगा।*

# न्यायालय में लंबित मामले मध्यस्थता के माध्यम से किए जाएंगे निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिले में चलाया जा रहा 90 दिवसीय मेडियंस दि नेशन अभियान

जिले में 90 दिवसीय मेडियंस दि नेशन अभियान एक जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत जिला न्यायालय में लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत कराया जाना है।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगडे के निर्देशन में अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस के प्रकरण, सेवा, व्यवसायिक विवाद, उपभोक्ता मामले, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मध्यस्थता के लाभ

मध्यस्थता से पक्षों को समझौता कराने के लिए सहमत किया जाता है। पक्षों के मध्य उत्पन्न मतभेदों को दूर करने के लिए अवसर प्राप्त होता है। रिश्तों में आई दरार से हुए नुकसान की पूर्ति करने का अवसर प्राप्त होता है। हिंसा, घृणा, धमकियों से हटकर एक सभ्य उपाय है, जिससे विवादों का निराकरण निकाला जा सकता है। मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत प्रकरणों में न्याय शुल्क की छूट प्रदान की गई है।

# डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचने रोज करें उपयोग : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में दिए गए मच्छरदानी

शासन की गरीब कल्याण योजना गरीबों को डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंडित दी न द या ल उपाध्याय वार्ड में मंगलवार को गर्भवती, शिशुवती, दिव्यांग के साथ 60 वर्ष से ऊपर के महिला पुरुषों को पार्षद सुरेश गुप्ता ने मच्छरदानी का वितरण किया। वहीं मच्छरदानी का उपयोग करने की विधि बताई गई जिसमें मच्छरदानी को पानी में भिगोकर




छाया में 48 घंटे सुखाना है। उसके पश्चात ही मच्छरदानी का उपयोग करना है बताया गया। पार्षद ने कहा कि सरकार की गंभीरता और विधायक किरण सिंह देव की संवेदनशीलता से जरूरतमंदों को मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है । मच्छरदानी वितरण से गरीबों के स्वास्थ्य में लाभदायक होगा। इस अवसर पर सूर्य भूषण, भुवनेश्वर प्रेम आचार्य एएनएम रामेश्वरी मरावी, मुक्तेश्वरी सोरी, मितानिन पायल यादव, धनिया साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने दरभा ब्लॉक के 3 दफ्तरों का किया औचक निरीक्षण

# गैरहाजिर 37 अधिकारी-कर्मचारी को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

एसडीएम शंकर लाल सिन्हा ने सोमवार को दरभा ब्लॉक के जनपद पंचायत कार्यालय तथा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने सहित अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को नोटिस थमाते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत कार्यालय के 27 कर्मचारी अनुपस्थित मिले वहीं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 9 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। वहीं खंड स्रोत समन्वयक कार्यालय का एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला।

एसडीएम के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए सरकारी सेवक ये रहे। व्हीके शर्मा सहायक ग्रेड-2, विष्णु देवांगन सहायक ग्रेड-3, राजू नायक सहायक ग्रेड-3, बीके ठाकुर सहायक ग्रेड-3, नारायण



नागवंशी सहायक ग्रेड-3, टिकेन्द्र कुमार साहू सहायक ग्रेड-3, कौस्तुम वर्मा पीओ, महेन्द्र कवाची लेखापाल, गायत्री कश्यप सहायक ग्रेड -3, शारदा कंवर सहायक ग्रेड -3,संजय मंडावी सचिव, ओंकार सिंह गागड़ा सचिव, कार्तिक कश्यप डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, प्रभुनाथ नाग डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, कुलवंत सिह पावले एसई, राधेश्याम मांझी संदेश वाहक, महादेव पोडयामी संदेश वाहक, लालकृष्ण नाग संदेश वाहक, अशोक कुमार नाग संकाय सदस्य, तिजेश कुमार देवांगन पीएमवायजी, अंकिता पटनायक ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मुख्यालय में नहीं रहते

संभाग मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर दरभा है। जहां पदस्थ अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी जगदलपुर से आना-जाना करते हैं। झीरम कांड के बाद दरभा नक्सल दृष्टि से संवेदनशील हो गया है। यही कारण है कि शतप्रतिशत लोग शहर से आते जाते हैं। जो समय पर भी दफ्तर नहीं पहुंचे। ब्लाक मुख्यालय तथा आसपास के गांव में वही कर्मचारी रहते हैं जिनका घर और परिवार वहीं हैं। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई नहीं होने से मनमानी चल रही है।

# शहीद पार्क में नया ड्रेनेज सिस्टम बना कर जलभराव किया गया कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जानकारी मिलते ही तकनीकी स्टाफ और सहयोगियों के साथ पहुंचे महापौर

नगर निगम में एमआईसी की बैठक में तकनीकी अमला से चर्चा कर इस दिशा में काम किया जाएगा। संबंधित कर्मचारियों से कहा गया कि चैनल नाली बनाकर पानी निकालने की दिशा में काम करें। महापौर संजय पाण्डे व उनकी टीम के प्रयास से शहीद पार्क में जल भराव को कम करने में सफलता मिली है। महापौर को जानकारी मिली कि शहर के शहीद पार्क में जल भराव हुआ है। जानकारी मिलते ही वे निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य, पार्षद व निगम अमले के शहिद पार्क पहुंचे। इसके बाद पार्क में भरे पानी को लेकर संबंधित कर्मचारियों को तलब किया। पार्क में हुए जल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### औषधीय गुणों से युक्त पौधों का किया रोपण

**कोरर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार, छायादार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे रोपे गए। ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, ओजोन परत में छिद्र जैसे घटना कोकम करने के उद्देश्य से संस्था के प्रभारी प्राचार्य जनक राम कोमरा के मार्गदर्शन विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता अनुपम जोफर, एनसीसी प्रभारी दुष्यंत सोनकर, कुंज बिहारी रामटेके, रेडक्रास प्रभारी हुमा पिस्दा, स्काउट गाइड प्रभारी यामिनी मरकाम एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### कन्याओं के शिक्षा मंदिर में चोरों का धावा प्रोजेक्टर व खेल सामग्री को किया पार

**कांकेर।** शहर के मध्य में स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा में बीती रात को अज्ञात चोरों ने धावा बोला और स्कूल में रखे मंहगे सामानों के साथ खेल सामग्री की चोरी करके नौ दो ग्यारह हो गए। प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे साकेत नगर गोविंदपुर निवासी 59 वर्षीय प्रतुल कुमार विश्वास पिता स्व. विजय कुमार विश्वास ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में शासकीय कन्या हाईस्कूल मांझापारा कांकेर में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हूं। प्रतिदिन की तरह 7 जुलाई को स्कूल गया, स्कूल का सभी सामान ठीक था। अगले दिन 8 जुलाई की सुबह 10 बजें स्कूल आया, तो देखा कि स्कूल में रखे शासकीय सामान सूक्ष्मदर्शी यंत्र, 2 नग बैटरी, 3 नग क्रिकेट बैट, 2 पैकेट क्रिकेट बाल, 20 नग स्मृति चिन्ह का उपरी हिस्सा, प्रोजेक्टर कैमरा नहीं था, कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया। चोरी हुए समानों की अनुमानित कीमत 65 हजार 500 रुपए है। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 7 से 8 जुलाई की दरम्यानि रात को चोरी किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि विगत चार दिनों से मैन गेट के पास से स्कूल अंदर घुसकर सामान को प्रतिदिन अस्त व्यस्त किया जा रहा था, इसकी भी जानकारी कांकेर पुलिस को दिया गया था, परंतु इन चार दिनों में एक भी टीम देखने के लिए नहीं पहुँचा। चोरी हो जाने के बाद 8 जुलाई को शिकायत किया, जिस पर अपराध दर्ज किया गया है। शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा के प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### चार पहिया वाहन की टक्कर से पिता व बेटी घायल, अज्ञात चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कांकेर।** मेन रोड बोगरनाला के पास अज्ञात वाहन के चालक ने मोटर सायकल में सवार पिता व बेटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई। घायलों को निजी वाहन की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रिफर किया गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।
चौकी कच्चे अंतर्गत पुजारीपारा कलंगपुरी निवासी 37 वर्षीय दिनेश नरेटी पिता बैसाखू राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरा बड़ा भाई सुखराम नरेटी आबकारी विभाग भानुप्रतापपुर मे शासकीय सेवा में है, जो 4 जुलाई को प्रति दिन की भांति अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 17 केजी 3090 से भानुप्रतापपुर ड्यूटी आया था। ड्यूटी के बाद मेरी भतीजी मनीषा नरेटी जो कांकेर में पढ़ाई करती है, मेरे बड़े भाई सुखराम नरेटी के साथ भतीजी मनीषा नरेटी भी रात को मोटर सायकल में सवार होकर भानुप्रतापपुर से घर पुजारीपारा कलंगपुरी जा रहे थे। उसी दिन रात करीबन साढ़े 8 बजे मेन रोड बोगर नाला के पास पंहुचे थे कि सामने से आ रही चार पहिया अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को तेजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से सुखराम नरेटी व भतीजी मनीषा नरेटी को टक्कर मार दिया।

# प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा, करंजी में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शिक्षक टी. ऐंकट राव द्वारा डिजाइन किए गए रंग–बिरंगे मुकुट नवप्रवेशी बच्चों के सिर पर सजाए गए। ये मुकुट बच्चों की मासूम मुस्कान के साथ मिलकर पूरे माहौल को उल्लासमय बना रहे थे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और मुकुट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच विनोद नेताम व संकुल समन्वयक रमन ठाकुर की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया। इसके बाद मिठाई, निःशुल्क गणवेश और पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। शिक्षक टी. ऐंकट राव ने अपने संबोधन में बताया कि आओ स्कूल चलें अभियान से ग्राम में बच्चों की उपस्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## नवप्रवेशी बच्चों के सिर पर सजा शिक्षा मुकुट

### ग्रामवासियों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें और उन्हें शिक्षित बनाकर समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।



### कार्यक्रम में ग्राम की भागीदारी

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकगण, छात्र–छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाई। मुकुट पहने नन्हे–मुन्नों की मुस्कुराहट ने यह संदेश दिया शिक्षा ही सबसे बड़ा श्रृंगार है।



## आयोजन : समय-सीमा बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की हुई समीक्षा

# लंबित आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने विभागीय अधिकारियों को लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि जिले के राइस मिलों एवं अन्य निजी संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन शीघ्र कराएं, ताकि उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

स्वीकृत आवासों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ को नियमित निरीक्षण व प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति जांचने और पुस्तकों के वितरण की स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल व आंगनबाड़ी परिसरों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने पर भी बल दिया।

### स्वास्थ्य सेवाएं रहें सतत, समयबद्ध

जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी केंद्र तय समय से पहले बंद न हो। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### नशामुक्ति व दिव्यांग कल्याण पर फोकस

नशा मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए समाज कल्याण विभाग को दिव्यांगजनों के आधार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए गए।

### अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा

बैठक में खाद्य विभाग की राशन वितरण व्यवस्था, मक्का खरीदी, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर प्लांट, केशकाल बायपास निर्माण व जल जीवन मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले के सवांर्गीण विकास एवं नागरिकों तक योजनाओं का समय पर लाभ पहुँचाने की दिशा में ठोस पहल रही।

# डायरिया नियंत्रण के लिए गोलावंड में चलाया गया जनजागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव


■ पीएचई विभाग की सक्रिय पहल से डायरिया संक्रमण पर काबू

कोंडागांव जिले के ग्राम गोलावंड को पूर्व वषोंर् की तरह इस बार भी डायरिया संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया था। अब तक डायरिया के 113 मामलों की पुष्टि हुई है, लेकिन राहत की बात यह है कि कोई जनहानि नहीं हुई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोंडागांव की सतर्कता, निगरानी और त्वरित उपचार से हालात नियंत्रण में हैं। विभाग की टीम द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं।

परियोजना समन्वयकों मितलेश साहू, अमन श्रीवास्तव और सुहानी बक्शी द्वारा ग्रामवासियों और बच्चों को डायरिया से बचाव के उपाय बताए गए। हाथ धोने की विधि, स्वच्छ जल सेवन, शौच के बाद सफाई आदि पर जोर दिया गया। ग्राम से लिए गए जल नमूनों की जांच में अब तक किसी प्रकार के बैक्टीरियल संक्रमण के संकेत नहीं मिले हैं, जो विभाग की तत्परता का प्रमाण है।

### *स्वच्छता और सहयोग का लिया संकल्प*

*ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों का स्वागत करते हुए स्वच्छ जल उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता और सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया। यह अभियान गांव को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। यह जनजागरूकता अभियान न केवल डायरिया रोकथाम में सहायक है, बल्कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जाग्रत करने की दिशा में भी एक मिसाल बन रहा है।*



# सहकारी समितियों में किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ जिल में खाद संकट नहीं: उपसंचालक

जिले के खरीफ सीजन के लिए खेती–किसानी जोर पकड़ चुकी है। किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तैयारी है। किसानों को अब खाद की कमी की कोई चिंता नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि जिले की सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्र में उर्वरक उपलब्ध है।

कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी. टांडे से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ 2025 के लिए जिले में 18965.94 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों द्वारा सहकारी समितियों से खाद का लगातार उठाव किया जा रहा है। अब तक उपलब्ध खाद का 10510 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। किसान समय पर खाद प्राप्त कर अपने खेतों में उसका उपयोग कर रहे हैं।

# शासकीय ऋण प्रकरणों का त्वरित निपटारा करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं से जुड़े ऋण प्रकरणों का त्वरित समाधान प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन बैंकों की सक्रिय सहभागिता पर निर्भर है। बैंक यदि समय पर ऋण स्वीकृति करें तो हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सकेगा। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, आदिवासी स्वरोजगार योजना, अंत्यवसायी सहकारी विकास समिति, मत्स्य पालन, पशुपालन, कृषि विभाग की केसीसी योजना आदि की समीक्षा की गई।

**विशेष शिविरों के आयोजन का सुझाव**-कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर सहायता मिल सके। सुरक्षा बीमा योजनाओं को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, जिससे सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**ये रहे उपस्थित**- बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अन्य बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक शासकीय योजनाओं के सुचारू संचालन, वित्तीय समावेशन और ग्रामीण–शहरी हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# खलारी व सोलभाट में शिक्षक नहीं, बच्चों की पढ़ाई ठप, जनदर्शन में ग्रामीणों ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ कलेक्टर पन्ना ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

■ जनदर्शन में सामने आई शिक्षक की अनुपस्थिति की गंभीर समस्या

जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर पन्ना के समक्ष ग्राम खलारी एवं ग्राम सोलभाट के ग्रामीणों ने स्कूल में लंबे समय से शिक्षक के अनुपस्थित रहने की शिकायत करते हुए बच्चों की पढ़ाई बाधित होने की बात रखी। ग्रामीणों ने तत्काल नया शिक्षक पदस्थ करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। परीक्षाओं की तैयारी और दैनिक कक्षाएं पूरी तरह ठप हैं। जिससे पालकों में भी भारी असंतोष है। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए।



### अन्य समस्याओं पर भी हुई सुनवाई

जनदर्शन में आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत, देवगुड़ी निर्माण, राशन कार्ड, अधिक बिजली बिल, सड़क निर्माण और राजस्व प्रकरणों से जुड़े कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई पर मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई। शिक्षक की अनुपलब्धता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता से सुलझाकर शासन शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

## रपटा के बह जाने से आवागमन ठप, निर्माण पर उठे सवाल

# बारिश के चलते लोकनिर्माण विभाग की खुल गई पोल, बह गया रपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया रपटा बारिश की शुरूआत में ही कट कर बह गया। ग्राम पीव्ही 2 एवं 3 का सड़क मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चे परेशान है। साथ ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ महीने पहले ही मरम्मत करते हुए पीव्ही 2-3 सड़क का रपटा बनाया गया था, जो बह गया। यह एकमात्र सड़क है जो अन्य गांवों से जोड़ती है, अब वह भी बंद हो गई है। इस घटना ने स्थानीय ग्रामीणों में भारी परेशानियो में डाल दिया है। रपटा के बह जाने से स्कूली बसों का आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीण राकेश विस्वास ने बताया कि सड़क मरम्मत के बाद ही सड़क की हालत जर्जर हो गई थी। पुलिया के अभाव में भारी बारिश के चलते सड़क के ऊपर का रपटा कटकर बह गया। सड़क बंद होने से क्षेत्र का संपर्क कट गया है। सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है, उन्हें अब स्कूल जाने के लिए लंबा और असुरक्षित रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पीडब्लूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए तत्काल सड़क मरम्मत और पुलिया के निर्माण की मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



### भारी बारिश से बहा रपटा

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पीडब्लूडी एके मिलिंद से बात करने पर बताया कि भारी बारिश के कारण पीव्ही 2-3 पी डब्लू डी सड़क का रपटा कटकर बह गया है। संबंधित सब इंजीनियर को मौके स्थल पर भेजा गया है, बारिश रुकते ही मरम्मत कार्य करवा दिया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### न्यायालय में लंबित...

ऋण वसूली, संपत्ति विवाद विभाजन, बेदखली आदि भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले एवं अन्य दीवानी विवाद के प्रकरणों को शामिल किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभर में लंबित मामलों के शीघ्र, सुलभ और सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना, न्यायिक बोझ को कम करना एवं वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों को मुख्यधारा में लाना। लोगों में मध्यस्थता के प्रति विश्वास और जागरुकता उत्पन्न करना है।
**जनसामान्य आवेदन करें**- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश कु. अंकिता कश्यप ने अभियान के तहत सर्व जनसामान्य को बताया कि यदि उनके प्रकरण जिला न्यायालय में लंबित हैं। वे अपने प्रकरण को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत करवाना चाहते हैं तो अपने मामले को अधिवक्ता के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय में अनुरोध कर अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत कर रखवा सकते हैं।

### गैरहाजिर 37 अधिकारी...

एसबीएम, मनोज खैष्ष बीपीएम, कमलेश बारोई टीए, गोंचूराम कश्यप डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, ममता यादव क्षेत्रीय समन्वयक, ममता पानीग्राही सहायक ग्रेड-3, निरंजन केवट भृत्य, सुरेश कुमार गुप्ता बीआरपी, प्रभुलाल यादव सहायक ग्रेड-2, सुनिल बर्मन सहायक ग्रेड-3, गुप्ती बघेल सहायक ग्रेड-3, रजवा राम कोड़ोपी सहायक ग्रेड-2, प्रदीप कुमार मंडावी भृत्य, जयसिंग नाग भृत्य, चन्दन राम बघेल भृत्य, स्नेहलता सिंह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सुखराम बघेल भृत्य शामिल हैं।

### शहीद पार्क में...

भराव के निराकरण को लेकर विभाग के अफसर को निर्देशित किया गया। वहीं तत्काल जेसीबी मंगवाकर खुदाई करवाया गया और जल भराव को निकालने और बड़े नालों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जल भराव न हो इसके लिए अब तक किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया था। जिन नए नालों का निर्माण किया गया है वे पार्क से काफी ऊंचे हैं। सालों से पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। तकनीकी अमले के साथ पिछले तीन दिनों से पानी के निकासी के लिए प्रयास किया जा रहा है। अब यह पार्क मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। संजय पाण्डे ने कहा थोड़ी सी बारिश में भी पार्क में पानी भर जाना चिंता का विषय है। लोगों ने जैसे ही ध्यान आकृष्ट करवाया तत्काल यहां उचित दिशा में काम करने के लिए मजदूर लगाए गए हैं। जिससे यहां पानी का जल भराव कम हुआ है।
**ये रहे मौजूद**- निरीक्षण के दौरान निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, हरीश पारेख, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक, गोपाल भारद्वाज, हेमंत श्रीवास सहित नगर निगम अमला मौजूद रहा।

**खबर संक्षेप**

## अनियमित छात्र के घर पहुंच शिक्षक ने दी समझाइश



**भोण्ड।** माध्यमिक शाला भुरसुंडी के ग्राम पिड़सीपारा के स्कूल में लंबे समय से अनियमित रूप से स्कूल न आने वाले छात्र महेश को लेकर जब शिक्षक उसके घर पहुंचे, तो पहले तो परिजन संकोचवश घर छोड़कर जाने लगे। लेकिन स्थिति को भांपते हुए ग्राम पुजारी लेदु राम कश्यप ने हस्तक्षेप किया और परिजनों को बुलाकर उन्हें आवश्यक समझाइश दी। उन्होंने परिजनों से कहा कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य संवार सकती है और उन्हें विद्यालय भेजने में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

शिक्षक और पुजारी के इस संयुक्त प्रयास से न केवल परिजनों में जागरूकता आई, बल्कि गांव में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी गया। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें बच्चों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होती हैं। इस अवसर पर शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी, भृत्य पीलू राम नाग मौजूद थे।

## जिला प्रशासन की पहल पर हुआ प्रशिक्षण



**भोपालपटनम।** शालाओं में प्राथमिक स्तर के बच्चों में गणितीय संक्रियाओं को समझने एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के उद्देश से बीआरसी कार्यालय भोपालपटनम में 60 शिक्षकों का अबाकस प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण अबाकस फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर सपना मंडावी ने बेहतर ढंग से प्रदाय किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र पड़ीशालावार ने शिक्षकों से कक्षाओं में इसे बेहतर ढंग से लागू करने आह्वान किया गया। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला ने शिक्षकों से कहा शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर सुधार के लिए सब मिलकर कार्य करें। बीआरसी शंकर यालम ने मन से शिक्षकों से कार्य करने कहा। संकुल प्राचार्य अरब खान ने शैक्षणिक गतिविधियां एवं शिक्षा में हुए परिवर्तन को समझाया। इस अवसर पर मंडल संयोजक नंदकुमार मारकोण्डा एवं सीएसी प्रशांत पामभोई तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## बाढ़ क्षेत्रों में उपयोग वाले मोटरबोट का कराएं परीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित समस्त विकास कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मिश्रा ने कहा कि जिले अतिवृष्टि से बाढ़ की संभावना बनी रहती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य,मोटर बोट सहित आवश्यक उपकरणों का समय पूर्व जांच अवश्य करा लें, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन की उपलब्धता, मौसमी बीमारियों से बचाव इत्यादि की तैयारियां सुनिश्चित करें। वहीं चिन्हांकित जल भराव वाले क्षेत्रों में तथा नदी नालों के उफान होने पर ग्रामीणों को नदी नाला से पार नहीं करने की समझाइश देने एवं जागरूकता लाने के निर्देश दिए। जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान नक्सल पीड़ित परिवार तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के राशन कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र, वोटर आईडी, आधार, आयुष्मान कार्ड सहित बैंक खाता खुलवाने के कार्यों में प्रगति लाने की बात कही। नियद नेल्लानार योजना के चिन्हांकित गांवों में आयोजित सैचुरेशन शिविर की प्रगति सहित उक्त गांवों में सड़क, बिजली,जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेय जल की आपूर्ति सहित स्कूल आंगन बाड़ी, राशन दुकान, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण एवं प्रगतिरत अधोसंरचना निर्माण कार्य एवं उनके वस्तुस्थिति से अवगत होकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुदूर क्षेत्रों में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति तथा पेयजल संबंधी जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं पुराने अवधारणा को बदलने के लिए संयुक्त रुप से प्रयास करने को कहा गया।

# टीबी मरीजों के लिए कलेक्टर ने पोषण किट का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा में सोमवार को टीबी मरीजों के लिए विशेष पोषण कीट का वितरण किया गया। बस्तर कलेक्टर हरीश एस के नेतृत्व में टीबी से ग्रसित 25 मरीजों के बीच सोयाबीन, अखरोट, बादाम, हॉर्लिक्स, मूंगफली आदि सामानों का वितरण किया गया।

इस दौरान बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने बीमारी से बचने के उपाय व संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवार के प्रति सजग रहते हैं उसी प्रकार टीबी संक्रमण के प्रति सजग रहने की जरूरत है। देश में टीबी संक्रमण से मुक्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसके साथ ही जिला मुख्य चिकत्सा अधिकारी संजय बसाख ने कहा कि टीबी मरीजों के खाते में एक हजार रुपये खाते में डाला जाता है एवं उपलब्ध कराया जाता है।

सरकार के द्वारा डीबीटी के माध्यम से टीबी मरीजों को एक हजार रुपया उसके खाते में उपलब्ध कराया जाता है। इन राशि से मरीज अपने पोषण युक्त भोजन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी संक्रमण के मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त दवा आशा के माध्यम से दी जाती है।

इसके साथ ही स्वास्थय विभाग द्वारा रक्तदान भी किया गया। मौके पर जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद सदस्य गागराराम नाग, एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, जनपद सीईओ बीरेंद्र बहादुर, दरभा तहसीलदार सुनील धुर्वबी ई ओ, एबीओ, बीएओ, बीआरसी, टीआई समेत स्वास्थ्य कर्मी स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

# मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज मंगलवार को विकासखण्ड कोंटा में स्थित चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों, परिजनों एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये लोगों से चर्चा कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस

- **विलम्ब से आने वाले कर्मचारी पर लगाम कसने के दिए निर्देश**

दौरान उन्होंने उल्टी-दस्त और डेंगू-मलेरिया जैसे बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में गंदगी फैलाने वालों और गुटखा व तम्बाकू खाने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाये। कलेक्टर ने चिकित्सालय मे निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सकों, अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा मे मरीजो के बढ़ते संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन कांउटर के विस्तार एवं ऑपरेटरो की संख्या में वृद्धि करने कहा। उन्होंने अस्पताल में मरीजो की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्र में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सालय परिसर मे वर्तमान मे प्रक्रियाधीन निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण एजेंसीयों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल की सफाई दुरुस्त कराने एवं कैम्पस को स्वच्छ बनाने पर खासा ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के विलम्ब से आने की प्रवृत्ति पर भी लगाम कसने और नहीं मानने वालों पर कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

सुकमा कलेक्टर ने एसएनसीयू एवं अति आवश्यक अन्य विभागों में विद्युत कटौती के दौरान पॉवर बेक-अप की वैकल्पिक व्यवस्था करने कहा जिससे भर्ती मरीजों के चिकित्सकीय कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने पैथोलैब में शासन द्वारा निर्धारित समस्त जांच सुनिश्चित करने कहा ताकि मरीजों को बाहर भटकना ना पड़े। उन्होंने डायलिसिस कक्ष का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था सुधारने के संबंध में संबंधित चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चो के माताओ को भी आवश्यकतानुसार प्रोटीन डाईट देने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीएमओ और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

# सुरक्षा सम्मान सहायता के लिए सीआरपीएफ प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा





राज्य के अंतिम छोर सूदूर वनांचल क्षेत्र के लिगंनपल्ली गांव में सेवा दे रही 219 वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। वाहिनी के कमांडेंट पार्थ सारथी घोष के मार्गदर्शन एवं राजेश कुमार सहा.कमा. के निर्देशन में यह आयोजन किया गया।

- **लिगंनपल्ली गांव में सेवा दे रही सीआरपीएफ 219 वाहिनी**

इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना साथ ही ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस दौरान कार्यक्रम मे ग्रामीणों को रेडियो, महिलाओ को साडी बुजुर्गों को कम्बल युवाओं को खेल सामग्री दिया गया साथ ही ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं का उचित ईलाज कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया।

### योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने किया प्रेरित

इस अवसर पर पार्थ सारथी घोष कमाण्डेंट 219 बटालियन ने सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्राम व निवासियों की सुरक्षा सम्मान सहायता एवं सहयोग के लिए हम प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है। सीआरपीएफ, स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार नए सुरक्षा कैम्प जन सुविधा केन्द्र सडक बिजली पानी आदि उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है, जिससे प्रत्येक आदिवासी का व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। साथ ही आह्वान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में ना आयें। अपने बच्चों को अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा दिलवाये, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें व एकजुट होकर क्षेत्र व देश के अग्रणी विकास में भागीदार बने।

# शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का तिलक वंदन और अक्षत पुष्प से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवप्रवेशी भैया बहनों को तिलक वंदन कर अक्षत पुष्प से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भवानी पूनेम खंड शिक्षा अधिकारी, जितेंद्र चौहान खंड स्त्रोत समन्वयक गीदम, कैलाश नीलम प्राचार्य कन्या हाईस्कूल गीदम ने मां भारती, गणेश जी, ओम के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया।

भैया बहनों ने मानस पाठ, कीर्तन भजन हवन पूजन किया गया। गणेश जी की आरती, भारत माता की आरती की गई। आरटीई तहत विद्यालय में प्रवेशित 72 बच्चों को पाठ्य व लेखन सामग्री दी गई। गौरतलब है कि इन बच्चों को विद्यालय समिति द्वारा पाठ्य सामग्री प्रदान की जाती है। अपने उद्बोधन में बीईओ सुश्री भवानी पूनेम ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में आकर मुझे एक उत्साह और ऊर्जा मिल जाती है। यहां का संस्कार अनुशासन मुझे बहुत प्रिय है।

वहीं प्राचार्य कैलाश नीलम जी ने कहा कि यह विद्यालय संस्कार अनुशासन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने बच्चों का उदाहरण देकर बताया मेरे तीनों बच्चे यहीं पढ़ाई किये हैं और तीनों अपने मुकाम पर पहुंच चुके हैं। यहां के बच्चे बड़े-बड़े पद में भी आसीन है और विदेश में भी सेवाएं दे रहे हैं मैं इस संस्था का बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

बीआरसी जितेंद्र चौहान ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर गीदम 1987 से प्रारंभ होकर अनवरत समाज में नगर में अपनी प्रसिद्धि कायम किए हुए हैं। यहां के बोर्ड परीक्षा का परिणाम हमेशा शतप्रतिशत रहता है। इस दौरान विद्यालय के सभी आचार्य दीदी व बच्चे मौजूद रहे।

## जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को दूर करने के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सीईओ ने कहा कि जिले में स्कूल छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रक्रिया राज्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग आपसी समन्वय कर मिशन मोड एवं तय समयावधि में इसे पूर्ण करें। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इसके लिए अपने अपने अनुभाग में सभी बीईओ और बीआरसी की बैठक लेकर हो रही दिक्कतों का समाधान तलाशें और आगामी समय सीमा बैठक तक इस कार्य में अपेक्षित प्रगति दर्शाएं। इसके साथ ही उन्होंने वर्षा ऋतु में नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरीय निकायों की स्वच्छता टीम द्वारा हर वार्डों में प्रतिदिन सुबह सड़कों एवं नालियों की सफाई संबंधी फोटो अपलोड किए जाने होगें। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में सड़क किनारे फुटपाथों में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए जुर्माने जैसे प्रावधान को लागू करने को कहा।

बरसात में मच्छरों से बचाव हेतु नगर पालिकाओं द्वारा नगरीय क्षेत्रों में फॉगिंग प्रक्रिया को शेड्यूल अनुसार संचालित करने के निर्देश में भी समस्त सीईओ को दिए। सीईओ बैठक में आगे कहा कि शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के तहत जिन शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त नही किया गया है ऐसी स्थिति में एकतरफा भारमुक्त कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रस्तुत करें। इसके साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को आश्रम छात्रावासों में छात्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पंचायतों के आयुर्वेद औषधालयों में चिकित्सकों के उपस्थिति संबंधी तिथि को चस्पा करने, श्रम कार्ड पंजीयन के तहत सभी सीएससी सेंटर संचालकों की बैठक आयोजित किए जाने, नक्सल प्रभावित युवाओं के लिए लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा आजीविका मूलक ट्रेनिंग प्रारंभ किए जाने के संबंध में भी सीईओ द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की लागू करने के संबंध में जानकारी दी गई कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के डिजिटलीकरण किए जाने के दिशा में अब जिले के सभी कार्यालयों में फ़ाइलों दस्तावेजों और पत्राचार नोटशीट का प्रबंधन डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 217 वीं वाहिनी ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा






राकेश अग्रवाल भापुसे महानिरीक्षक छग सेक्टर तथा राजेश पाण्डे पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोन्टा केरिपुबल के मार्गदर्शन एवं विजय शंकर कमाण्डेन्ट 217 वीं वाहिनी कोन्टा, सुकमा के निर्देशानुसार 8 जुलाई को सलातोंग कैम्प से ए एवं सी समवाय ने नीर सिंह मीना द्वितीय कमान अधिकारी परिचालनिक 217 वी. वाहिनी के पर्यवेक्षक तथा डॉ. मन्दीप सिंह एसएमओ रवि शर्मा, सहायक कमाण्डेंट सी समवाय अधिकारी तथा निरीक्षक, जीडी थोराट अनन्ता कलोवा ए समवाय अधिकारी के द्वारा ग्राम-बडेकेडवाल में सिविक ऐक्शन प्रोग्राम-कम-मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया।

ग्राम-बडेकेडवाल अति नक्सलवाद ग्रस्त तथा दूर-दराज के एरिया में प्राथमिक चिकित्सा कैम्प लगाया गया। चिकित्सा कैम्प में ग्रामीणों को आवश्यक दवाईयों का वितरण तथा उपचार किया गया। सिविक ऐक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों में रेडियो तथा अन्य आवश्यक सामान का वितरण किया गया। सिविक ऐक्शन प्रोग्राम-कम-मेडिकल कैम्प में बड़ेकेडवाल के अधिकांश ग्रामीण मौजूद रहे तथा ग्रामीणों ने प्रथमिक चिकित्सा कैम्प में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और 217 वीं वाहिनी केरिपु बल के द्वारा आयोजित किये गये कैम्प की सराहना की।

217 वीं वाहिनी हमेशा नक्सल प्रभावित इलाके में ग्रामीणों की मद्द के लिए तत्पर रहती है। इस मौके पर नीर सिंह मीना द्वितीय कमान अधिकारी 217 वीं वाहिनी के द्वारा सभी ग्राम वासियों को सम्बोधित किया गया एवं उनकी सुरक्षा एवं सहायता करने का भरोसा दिलाया गया तथा सभी ग्रामीणों को सरकार के साथ मुख्य धारा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही साथ अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में और उनसे मिलने वाले लाभों तथा उसके उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गयी।

# ग्रामीण विकास की धुरी हैं पंचायत सचिव : मिथिलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम




पंचायत सचिव पदस्थापना दिवस का जिला स्तरीय आयोजन गीदम ब्लॉक के मड़से में किया गया। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ की जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जिले के उप

- **पंचायत सचिव संघ ने मनाया सचिव पदस्थापना दिवस**

संचालक पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग मिथिलेश किसान ने कहा कि पंचायत सचिव शासन की रीढ़ और ग्रामीण विकास की धुरी हैं।

उनकी वजह से ही योजनाएं धरातल तक पहुंच पाती है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों को समय के साथ तकनीक के उपयोग के प्रति अपग्रेड होने की जरूरत है। सचिवों के वेतन भुगतान में देरी नहीं हो, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। सचिवों की अन्य समस्याओं के निवारण का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। गीदम जनपद सीईओ बलराम ध्रुव ने सचिव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी, बरसात में काम करने वाले सचिवों की मेहनत से ही योजनाएं सफल होती हैं। बहुत ही विषम परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। वेतन संबंधी दिक्कतों का निवारण करने का प्रयास करेंगे। कटेकल्याण जनपद सीईओ आशीष डे ने कहा कि दक्षिण बस्तर के विपरीत हालात के बावजूद पंचायत सचिव पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करते आ रहे हैं। उनके मेहनत की वजह से ही आम जन तक शासकीय योजनाएं पहुंच पाती है। इसके पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए संघ के जिलाध्यक्ष भरत हपका ने सचिव दिवस के आयोजन के विषय मे जानकारी दी।

जिला संरक्षक पीलू डेगल ने कहा कि 15 साल सेवा पूरी कर चुके सचिवों के वेतन का पुनर्निर्धारण करने में विशेष रूचि लेने, समय पर वेतन भुगतान करने, विसंगतिपूर्ण तबादलों पर नियंत्रण करने, पंचायत सचिवों के लिए 2008 व 2016 व 21 में तय सेवा शर्तों के आधार पर ही ट्रांसफर करने का अनुरोध किया। इस कार्यक्रम का संचालन राजू बघेल ने व आभार प्रदर्शन पीलू डेगल ने किया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा, कटेकल्याण ब्लॉक में कार्यरत पंचायत सचिव व सरपंच मौजूद थे।



# जिले के वन प्रबंधन समिति ने 51 तालाबों में डाला मछली बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वन विभाग, वन प्रबंधन समितियों के साथ मिलकर, मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए तालाबों में मछली बीज उपलब्ध कराया गया है। यह पहल, विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा और कुपोषण की समस्या से निपटने में मदद करती है। वन विभाग, मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए, मछली बीज उपलब्ध कराया है। इतने तालाबों में इस साल मछली पालन का कार्य सम्बन्धित वन प्रबंधन समिति के माध्यम से किया जाएगा। आय बढ़ाने हेतु जिले के 9 वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से मछली पालन का कार्य किया जा रहा, इसमें प्रत्येक तालाब में राहू, कतला एवं सामान्य के 25 किलो मछली बीज पालने के लिए दिया गया है। इसमें सीसीएफ आरसी दुग्गा, बस्तर जिले में वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश में एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारी जुटे हुए हैं। विभाग ने बस्तर जिले के 51 तालाबों में मुफ्त मछली बीज का वितरण किया जा रहा है।

■ तालाब में रोहू, कतला व सामान्य मछली के दिए बीज

## खाद्य सुरक्षा व कुपोषण की समस्या से निपटने में वन प्रबंधन समिति सक्षम

### मछली पालन को बढ़ावा

बताया जा रहा है कि वन विभाग, वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से, तालाबों में मछली बीज उपलब्ध कराकर मछली पालन को प्रोत्साहित कर रहा है। समिति तालाब में मछली बीज देकर पालन कर रहे, मछली बड़े होने से विक्रय करेंगे, जिससे समिति के सदस्यों का आर्थिक रूप मजबूत हो सकेंगे।



### वन समिति व गांव कर रहे देखरेख

जिले के कोलावाड़ा, पोटियापाल, चेरबहार, बीरनपाल, बोदामुंडा, चिलकुटी, तोलावाड़ा, पुलचा, धनपूंजी, पूर्व मावकोट, पुसपाल, कै कागढ़, कालागुड़ा, तिरिया, चोकावाड़ा, जीरागांव, नाकागुड़ा, बोरपदर, उलनार, राजनगर, कुम्हरावंड, कोरटा, करपावंड, चिऊरगांव, सोनपुर, भालुगुड़ा, सुधापाल, बनियागांव, बागमोहलई वन समिति एवं गांव सहित 51 तालाब में मछली पालन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कुंजाम बने एनएच के एसडीओ



**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के अनुविभागीय अधिकारी अशोक कुमार कुंजाम का प्रभार लिया। उन्होंने प्रभार लेते ही धनपूंजी रोड में सड़क किनारे स्थित खरपतवार को हटवाया। इससे पूर्व एसडीओ जीएस शोरी का स्थानांतरण नारायणपुर हो गया है।

### नगर निगम ने 12 दुकानों को दिया नोटिस

**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र में बगैर अनुमति के फ्लैक्स, बैनर और पोस्टर लगाने वालों पर नगर निगम की नजर है। फ्लैक्स लगाने वाले 12 दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। वहीं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति के सरकारी या निजी संपति पर पोस्टर या पंपलेट जो लगा रहे थे उन्हें सार्वजनिक संपति विरूपण अधिनियम के तहत परिषद की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए फिलहाल निगम प्रशासन के आदेश पर राजस्व अधिकारी ने 12 दुकानदारों को नोटिस जारी किया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो कार्रवाई कर सकती है।
नोटिस में बताया गया कि बिना सक्षम अधिकारी या संबंधित संपत्ति के मालिक की पूर्व अनुमति के कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी पोस्टर बैनर आदि नहीं लगा सकता है।
सार्वजनिक संपत्ति विरूपण अधिनियम के अनुसार किसी भी प्रकार के विज्ञापन, पोस्टर व बैनर आदि लगाने से पहले संबंधित सक्षम अधिकारी या संपत्ति के मालिक की अनुमति लेना अनिवार्य है। निगम के राजस्व अधिकारी राकेश यादव ने कहा कि दोषी पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

### अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति स्थगित

**सुकमा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु आमंत्रित अतिथि व्याख्याताओं के आवेदन के संबंध में महाविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। महाविद्यालय के रिक्त सहायक प्राध्यापकों के विरुद्ध अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति प्रक्रिया को आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नया रायपुर से प्राप्त होने वाले आगामी निर्देशों तक स्थगित किया गया है। प्रबंधन द्वारा बताया गया कि आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात की समस्त कार्यवाही स्थगित की जा रही है, और शासन के निर्देश प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई महाविद्यालय द्वारा की जाएगी।

### जल संरक्षण और हरियाली के लिए कोयलीबेड़ा में पौधारोपण

**पखांजुर।** मोर गांव मोर पानी कार्यक्रम के तहत 7 जुलाई को जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामबती मांडवी, उपाध्यक्ष मंजू सरदार, सीईओ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय कुमार नाग के द्वारा ग्राम पंचायत चाणक्यपुरी और हरनगढ़ के स्कूलों में पौधारोपण किया। ग्रामीणों के घरों में सोखता गड्ढे बनाए जा रहे हैं, आवास योजना के लाभार्थियों के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जा रही है और बड़े पैमाने पर पौधारोपण का कार्य भी प्रगति पर है। इस अवसर पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी बालकिशन बंजारे, श्यामल चंद्र डे, प्रियंका नरेटी व अन्य उपस्थित रहें।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# मिलेट्स फसल क्षेत्र विस्तार के लिए व्यापक स्तर पर करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में खरीफ फसल सीजन के तहत मिलेटस फसल क्षेत्र विस्तार के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास कर अधिक से अधिक किसानों को उच्चहन भूमि यथा टिकरा एवं मरहान भूमि में कोदो-कुटकी एवं रागी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को मिलेटस फसल की पैदावार के लिए बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। किसानों को खरीफ फसल के लिए खाद-बीज की पर्याप्त सुलभता के साथ ही फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करें। फसल ऋण के लिए सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया जाए, जिसमें वनाधिकार पट्टेधारक किसानों सहित लघु-सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

■ टिकरा एवं मरहान भूमि में कोदो-कुटकी एवं रागी की खेती के लिए करें प्रोत्साहित

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की और सभी आवासों को शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मनरेगा के तहत प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस रोजगार के अवसर सृजन हेतु नर्सरी तैयारी, प्लांटेशन तथा जल संवर्धन के कार्यों को प्रारंभ करने के साथ ही नियमित रूप से किए जाने कहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण हेतु घरों तथा पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। वहीं दुकान के साथ निर्मित सामुदायिक शौचालयों के संचालन हेतु पानी की सुविधा वाले 33 दुकानों को नियमित संचालित करने के निर्देश दिए। खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए शक्कर, चना-गुड़ भण्डारण हेतु डीडी राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी की स्थिति, जिले में बनाए गए राशनकार्ड, प्रचलित राशनकार्डों में जोड़े गए नए सदस्य, निरस्त राशनकार्ड एवं निरस्त सदस्यों की संख्यात्मक जानकारी पर चर्चा किए और मार्च 2025 के भौतिक सत्यापन में शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पाई गई कमी की विकासखण्ड एवं नगरीयवार प्रकरण दर्ज कर सुनवाई करते हुए एक माह में समाप्त करें।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को केसीसी प्रदाय के लिए 15 जुलाई तक सभी केसीसी प्रकरणों को सेंक्सशन दिलवाएं। मत्स्यपालन एवं पशुपालन विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण की स्वीकृति में प्रगति लाने सहित पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मोबाईल वेटनरी युनिट के द्वारा पशु टीकाकरण, जेई के पॉजीटिव वाले क्षेत्र कचनार एवं तोकापाल में पशुओं के उपचार हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### टीबी एवं मलेरिया मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर ने सघन टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार, टीबी मुक्त अभियान एवं मलेरिया मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा किए और वय वंदना कार्ड निर्माण में आवश्यक प्रगति लाने हेतु घर-घर सर्वेकर कार्य करने पर जोर दिए। साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के विकास कार्य पर चर्चा किए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल एवं शौचालय कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की एजेंसीवार वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक स्वीकृत देवगुड़ी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा किए। वहीं नक्शा-बटांकन और नवीन सर्वेक्षण पूर्ण ग्रामों का अभिलेख तैयार करने के काम में तेजी लाने कहा। साथ ही जनदर्शन के लंबित पीजी पोर्टल जन शिकायत पोर्टल तथा समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा की और सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।

## निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर कर रहे गेट मीटिंग



**जगदलपुर।** नगरी निकायों के कर्मचारी शासन के दमनकारी नीतियों का विरोध करते हुए अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए स्थानीय निकायों पर चौड़ी काली पट्टी लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। इसके साथ ही शाम को निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर गेट मीटिंग करते हुए शासन के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध नारा लगाकर शासन को कोसते हुए कुंभकर्णी नींद से जागने की कोशिश कर रहे हैं। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि 5 जुलाई को पूरे प्रदेश भर के कर्मचारी अपनी तीन प्रमुख महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए इकट्ठा हुए थे। इससे डरे शासन ने अपनी नाकामयाबी को छुपाते हुए आंदोलनकारी को बसों में जबरन ठुस कर शहर से दूर अन्यत्र बेजान स्थान पर ले जाया गया ताकि आंदोलन बाधित हो, जहां कर्मचारी पीने की पानी जैसे जीवनदायनीय चीज के लिए तरसते रहे। इस संवेदनशील घटना से पूरे प्रदेश भर के कर्मचारियों में काफी रोष है। हम अपने 3 सूत्रीय महत्वपूर्ण मांगे महीने के पहले तारीख को वेतन भुगतान, नगरी निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने और बरसों से एक ही पद में कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर हमारा आंदोलन जारी रहेगा।


## चार्म्स सिगरेट डुप्लीकेट होने का दावा, दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चार्म्स सिगरेट के डुप्लीकेट होने का दावा करते हुए स्थानीय डिस्ट्रीबुटर्स व दिल्ली से आए कम्पनी के लीगल एडवाईजर ने मामले कि शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने थाना क्षेत्र के प्रतापगंज पारा व ठाकुर रोड स्थित दो दुकान से 50 हजार रूपए से अधिक का सिगरेट जब्त किया है। मामले में दुकान संचालकों से पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत ने बताया कि चार्म्स सिगरेट के जगदलपुर निवासी डिस्ट्रीब्यूटर सतीश राव जाधव व दिल्ली से आए कंपनी के लीगल एडवाइजर हरगोविंद जाधव ने मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए इसे कॉपी राईट एक्ट का उल्लघंन बताया है। दोनों के द्वारा नामजद की गई शिकायत के बाद प्रतापगंज पारा स्थित हनुमान ट्रेडर्स व ठाकुर रोड स्थित पटेल ट्रेडर्स में रेड की कार्रवाई करते हुए 53 हजार 650 रूपए की सिगरेट जब्त किया गया है। टीआई ने बताया कि ठाकुर रोड से से 6 बडंल कीमत 7 हजार 5 सौ रूपए तथा प्रतापगंज पारा से 56 बंडल कीमत 53 हजार 650 रूपए की सिगरेट जब्त किया गया है। शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद मामला दर्ज कर जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी की जाएगी।

जिस चार्म्स सिगरेट के शिकायत की गई है उसके डुप्लीकेट व ओरिजनल के रेट व निर्माण के डेट भी लगभग 8 रूपए का अंतर है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवार को प्रोत्साहन राशि स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में नक्सल पीड़ितों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में नक्सली हिंसा में मृत आम नागरिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। स्व. बोडके रामा, स्व. कुरामी सुक्का, स्व. बारसे हेर्रा एवं स्व. मरकाम हादा के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

इसके साथ ही नक्सली हिंसा में घायल आम नागरिक कुमारी सोड़ी मल्ले को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों को सुरक्षा, पुनर्वास एवं अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## सुशील पाण्डेय को डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कटेकल्याण में स्व-सहायता समूह का गठन कर बस्तर सामाजिक जन विकास समिति की नींव रखते हुए बस्तर आदिवासी समाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, उनके आजीविका हेतु कौशल विकास के क्षेत्रों से जोड़ते का काम सुशील पाण्डेय ने किया। वर्तमान में तेतरकुटी, अघनपुर में उनकी संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति अंतर्गत सैकड़ो परिवारों को आजीविका के विभिन्न आयामों से जोड़ कर अवसर प्रदान कर रही है। उन्हें हाल ही में ग्लोबल एक्सीलेंस सम्मिट होटल ग्रैंड नई दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु आई.एफ.ई.ऐ अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के एम्बेसडर की पदवी प्रदान की गई।




## ग्रंथालय में पाठकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें : कलेक्टर

लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय के प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर एवं अध्यक्ष लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय हरीश एस की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर हरीश ने कहा कि केंद्रीय ग्रन्थालय में पाठकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें। उन्हें ऑनलाइन स्टडी मटेरियल, आवश्यक पुस्तकें एवं समसामयिक पत्र-पत्रिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित इंटरनेट सुविधा की भी समुचित सुलभता कराया जाए। बैठक में अधिक से अधिक पाठकों को ग्रन्थालय का लाभ प्रदान करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई।



साथ ही विद्युत के वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर इनवर्टर की व्यवस्था के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने केंद्रीय ग्रन्थालय में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। उन्होंने संपूर्ण भवन में विद्युत व्यवस्था के ऑडिट के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रन्थालय के साफ सफाई एवं परिसर के उद्यान के रख-रखाव के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे तथा प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सेंट जेवियर्स में हुआ गायत्री हवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल कुम्हरावंड के प्रांगण में शनिवार को दिव्य और भव्य गायत्री हवन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर वेद मंत्रों के साथ मां गायत्री का आव्हान किया। इसमें जोनल हेड मुख्य अतिथि सुश्री संपूर्णा मिश्रा, यजमान एचआर, प्लस एडमिन श्रीपर्णा मिश्रा द्वारा बाहुड़ा गोंचा पर गायत्री हवन से सबके उज्जवल भविष्य, आत्मिक विकास, विद्यालय परिवार की सुखशांति पर प्रार्थना की गई और पूर्णाहुति दी गई। अंत में सभी शिक्षिकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण कर समापन किया गया।

## महापौर ने आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

# स्वस्थ समाज ही समृद्ध समाज की नींव है : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू, फाईलेरिया जैसे गंभीर रोग में कमी लाने के उद्देश्य से आज शहरी क्षेत्र के भगतसिंह वार्ड स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मच्छरदानी का वितरण किया गया। महापौर संजय पाण्डे , एमआईसी सदस्य, पार्षद, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मितानीन बहनें शामिल हुई।

महापौर ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। उन्होंने वहां की समस्याओं के बारे में जाना। वहीं स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी और वहां की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित वहां पदस्थ स्टाफ से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



महापौर ने मच्छरदानी की उपयोगिता के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, जागरूकता और सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके साथ ही मलेरिया व डेंगू जैसे गंभीर बीमारियों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वार्डवासियों से कहा मच्छरदानी का उपयोग प्रत्येक घरों में किया जाए ताकि गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता और समय पर बचाव ही बीमारियों से सुरक्षा की कुंजी है। नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग मिलकर इस अभियान को प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर ने बताया कि सभी वार्डों में पार्षदों के द्वारा मच्छरदानी वितरित किया जाएगा और यह प्रयास किया जाएगा कि सभी पात्र घरों में मच्छरदानी पहुँचे।

